# संकलित परीक्षा – II (2016-17)

# हिन्दी 'अ'

# कक्षा –IX

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 90**

**निर्देश :**

(1) इस प्रश्न–पत्र के **चार खंड** हैं – **क, ख, ग** और **घ।**

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

**खण्ड-क ( अपठित बोध )**

1 **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए –** 5

**(5x1=5)**

शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ने के लिए बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर से बड़ी कोई प्रेरणा नहीं हो सकती है। एक विद्यार्थी के स्वरूप में उन्होंने जैसा संघर्ष जीवन में किया, ऐसा संघर्ष हम लोगों को नहीं करना पड़ा है। उन्होंने जितने कष्ट उठाए थे, ऐसे कष्ट तो शायद ही दुर्भाग्य से किसी ने उठाए हों। कितनी विपरीत परिस्थितियों में उन्होंने यह ऊँचाई प्राप्त की थी, कितने संघर्ष किये थे। बाबा साहब की एक दूसरी विशिष्टता भी समझने की है। शिक्षित बनो, परन्तु जब तक वे शिक्षित नहीं हुए तब तक उन्होंने यह उपदेश किसी को नहीं दिया था। शिक्षित होने के बाद ही उन्होंने कहा कि शिक्षित बनो। यही एक मात्र सही मार्ग है। बाबा साहब की एक विशिष्टता थी, वे सत्य के लिए लड़ते थे, परन्तु उनके जीवन में नफरत के लिए कहीं कोई स्थान न था। वे समाज को तोड़ना नहीं, जोड़ना चाहते थे। उन्होंने समाज को हमेशा टोका है, चेतावनी दी है, पर तोड़ा नहीं।

(i) एक विद्यार्थी को डरना नहीं चाहिए, –

(क) पुस्तकों से। (ख) संघर्षों से।

(ग) परीक्षाओं से। (घ) दुर्भाग्य से।

(ii) उपदेश तब दिये जाते हैं जब, –

(क) उस पर स्वयं अमल किया जाता हो।

(ख) उस पर दूसरे अमल करें।

(ग) उसे कोई न माने।

(घ) उसे सुनने को तैयार न हों।

(iii) बाबा साहब की विशिष्टता नहीं थी, –

(क) सत्य के लिए लड़ना।

(ख) सबसे नफरत करना।

(ग) समाज को जोड़कर रखना।

(घ) समाज को चेतावनी देना।

(iv) 'परिस्थितियों' शब्द में उपयुक्त उपसर्ग, प्रत्यय हैं –

(क) प, यों (ख) परि, यों

(ग) प, ओं (घ) परि, तियों

(v) गद्यांश का संदेश है –

(क) संघर्ष और सहयोग जीवन के मूलमन्त्र हैं।

(ख) उपदेश देना ही जीवन का मूलमन्त्र है।

(ग) सत्य के लिए लड़ो चाहे किसी का भी दिल क्यों न दुखे।

(घ) समाज को सुधार दो चाहे उसे तोड़ना भी पड़े।

2 **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए।** 5

**(5x1=5)**

कहते हैं कुछ लोग हमें, हम दीन-हीन हैं, भिक्षुक हैं।
कुछ भी हों, हम लोग अभी अच्छे बनने के इच्छुक हैं।

सच है, वैभव रहा नहीं, पर बुद्धि हमारी दीन नहीं।
पौरुष कम है, मगर हुए हैं मनुष्यत्व से हीन नहीं।

है हम में मतभेद मगर वह धर्म-कर्म-शिक्षा में है।
राष्ट्रनीति में, अर्थनीति में, उद्यम में भिक्षा में है।

किन्तु देश की सेवा का जब प्रश्न सामने आएगा।
तब हम में हर एक एकमत होकर हाथ बढ़ाएगा।

भारत रहता वहीं जहाँ भारतवासी रहते हैं।
आज विश्वभर में भारत के अद्भुत चर्चे रहते हैं।

(i) कुछ लोग हमारे विषय में यह कहते हैं कि –

(क) हम गरीब और भिखारी हैं। (ख) हम सहायता मांगते हैं।

(ग) हम पिछड़े हैं। (घ) हम वैभवशाली हैं।

(ii) देश की सेवा का प्रश्न आने पर हम यह करते हैं कि, हम,–

(क) स्वार्थी बन जाते हैं। (ख) एक दूसरे से आँखें चुराते हैं।

(ग) एकजुट हो जाते हैं। (घ) परवाह नहीं करते।

(iii) हमारा भारत स्थित है?

(क) एशिया महाद्वीप में। (ख) जहाँ हमें याद किया जाता है।

(ग) जहाँ भारतवासी बसते हैं। (घ) जहां हिंदी बोली जाती है।

(iv) भारतवासियों के मन में कमी नहीं है-

zoopkitab same textbooks, klick away

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (क) मानवता की। (ख) दानवता की।<br>(ग) सुविचारों की। (घ) कुरीतियों की।<br>(v) 'मनुष्यतत्व' में मूल शब्द और प्रत्यय है-<br>(क) मन+त्व (ख) मनुष्य+व<br>(ग) मनुष्य+त्व (घ) मनु+त्व | |
| | | **(मुक्त पाठ)**<br>**(*कृपया सुनिश्चित करें कि इस विषय का मुक्त पाठ इस प्रश्न पत्र के साथ उपलब्ध है(**<br>**विषय : समावेशी शिक्षा एक चुनौती( 5+5)** | |
| | 3a | समावेशित शिक्षा नि:शक्त बालकों में समाजीकरण की प्रक्रिया एवं उनके कौशल-विकास को किस प्रकार गति प्रदान कर सकती है? | 5 |
| | 3b | समावेशी शिक्षा के उद्देश्य को किस प्रकार से समाज में प्रचारित कर रहा है? | 5 |
| | | **खण्ड-ख ( व्यावहारिक व्याकरण )** | |
| | 4 | (i) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -<br>(क) 'विज्ञापन' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग और मूल शब्द लिखिए।<br>(ख) 'सु' उपसर्ग लगाकर एक शब्द बनाइए।<br>(ग) 'पल्लवित' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय और मूल शब्द लिखिए।<br>(घ) 'इक' प्रत्यय से एक शब्द बनाइए।<br>(ii) निम्नलिखित समस्तपदों का विग्रह कर समास का नाम लिखिए।<br>(क) त्रिफला (ख) आपबीती (ग) अधपका | 7 |
| | 5 | (i) अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों की पहचान करके उनके भेद लिखिए।<br>(क) सड़क के नियम नहीं तोड़ने चाहिए।<br>(ख) यदि पैसे होते तो पुस्तक खरीदता।<br>(ii) निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए।<br>(क) यदि परिश्रम करते तो सफल हो जाते। (विधानवाचक)<br>(ख) तुम्हें परीक्षा देनी है। (आज्ञावाचक) | 4 |
| | 6 | निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकारों की पहचान कर उनके नाम लिखिए -<br>(क) ग्वाल-बालों के घुँघराले बालों की छवि निराली।<br>(ख) हे रजनी बाले !<br>कहाँ बेचने ले जाती हो ये गजरे तारों वाले।<br>(ग) कोठे पर कागा काँव - काँव बोले।<br>(घ) गीत कोई गाओ,<br>मन के दीप जलाओ। | 4 |
| | | **खण्ड-ग ( पाठ्य-पुस्तक )** | |
| | 7 | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - ((2+2+1)** | 5 |

Adoptkitab
sametextbooks, click away

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | एक दिन उन्होंने कहा- 'महादेवी, तुम कविता लिखती हो ?' तो मैंने डर के मारे कहा- 'नहीं।' अंत में उन्होंने मेरी डेस्क की किताबों की तलाशी ली और बहुत-सा निकल पड़ा उसमें से। तब जैसे किसी अपराधी को पकड़ते हैं, ऐसा उन्होंने एक हाथ से कागज लिए और एक हाथ में मुझको पकड़ा और पूरे होस्टल में दिखा आईं कि ये कविता लिखती है। फिर हम दोनों की मित्रता हो गई। क्रास्थवेट में एक पेड़ की डाल नीची थी। उस डाल पर हम लोग बैठ जाते थे।<br>(1) महादेवी को अपराध-बोध क्यों हुआ ?<br>(2) किनकी मित्रता की बात है? उन पर क्या प्रभाव पड़ा था ?<br>(3) 'बहुत-सा निकल पड़ा' कथन का क्या आशय है ? | |
| | | **निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए-** | |
| | 8a | लेखक जब एक दिन परिवार सहित श्रीनिकेतन में पहुँचे तो तब गुरुदेव क्या कर रहे थे? | 2 |
| | 8b | कानपुर में भीषण हत्याकाण्ड के बाद अंग्रेज सैनिकों ने क्या किया था ? पठित पाठ के आधार पर बताइए। | 2 |
| | 8c | प्रेमचंद जी के चित्र से उनकी किस स्थिति का पता चलता है? पठित पाठ के आधार पर लिखिए। | 2 |
| | 8d | जीवों की संवेदनशीलता को गुरुदेव ने 'एक कुत्ता और एक मैना' पाठ के वर्णन के अनुसार किस तरह अनुभव एवं व्यक्त किया है? स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| | 8e | सेनापति 'हे' मैना के किन गुणों से प्रभावित हुए थे? | 2 |
| | 9 | **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**<br>और पैरों के तले हैं एक पोखर,<br>उठ रहीं इसमें लहरियाँ,<br>नील तल में जो उगी है घास भूरी<br>ले रही वह भी लहरियाँ।<br>एक चाँदी का बड़ा-सा गोल खंभा<br>आँख को है चकमकाता।<br>हैं कई पत्थर किनारे<br>पी रहे चुपचाप पानी,<br>प्यास जाने कब बुझेगी!<br>चुप खड़ा बगुला डुबाए टाँग जल में,<br>देखते ही मीन चंचल<br>ध्यान-निद्रा त्यागता है,<br>चट दबा कर चोंच में<br>नीचे गलें में डालता है।<br>(1) पोखर में किसका प्रतिबिम्ब दिखाई दे रहा था ? वह कैसा लग रहा था ?<br>(2) पत्थरों को प्यासा कहने के पीछे क्या कारण है ?<br>(3) बगुला किसे देख अपना ध्यान भंग करता है ? | 5 |
| | | **निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए-** | |

Kopykitab Same textbooks, click away

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 10a | आप की दृष्टि में बच्चों एवं बड़ों के पारिश्रमिक में समानता होनी चाहिए अथवा नहीं ? 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' के आधार पर लिखिए। | 2 |
| | 10b | ''मेघ आए'' कविता में नदी के ठिठकने का कारण स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| | 10c | ''यमराज की दिशा'' एक प्रतीकात्मक कविता है; तर्क सहित उत्तर लिखिए। | 2 |
| | 10d | ''बच्चे काम पर जा रहे हैं'' नामक कविता में समाज की किस कुरीति की ओर संकेत किया गया है ? स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| | 10e | माँ के समझाने पर कवि को क्या फायदा हुआ था ? 'यमराज की दिशा' कविता के आधार पर लिखिए। | 2 |
| | 11 | शमशेर बहादुर सिंह ने कवि बच्चन जी की किन विशेषताओं को उजागर किया है तथा आप इन दोनों के पठित प्रसंगों से क्या प्रेरणा ग्रहण करते हैं ? | 5 |
| | | **खण्ड-घ ( लेखन )** | |
| | | **दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 200-250 शब्दों में निबंध लिखिए।** | |
| | 12 | **वन और हमारा पर्यावरण**<br>● भूमिका<br>● वनों के लाभ, पर्यावरण संतुलन<br>● नगरीकरण का प्रभाव<br>● उपाय<br>● उपसंहार | 10 |
| | | **अथवा** | |
| | | **अहिंसा का पक्षधर : भारत**<br>(1) भूमिका<br>(2) भारत हिंसा का विरोधी नहीं<br>(3) गांधी और महात्मा बुद्ध<br>(4) विश्व को अंहिसा का संदेश<br>(5) उपसंहार | 10 |
| | | **अथवा** | |
| | | **युवावर्ग और फैशन**<br>● भूमिका<br>● फैशन की होड़<br>● महँगा शौक<br>● समाधान<br>● उपसंहार | 10 |
| | 13 | भारतीय बैंक के प्रबंधक को रसोई के लिए कुछ नए उपकरण खरीदने हेतु ऋण स्वीकृत करने का अनुरोध कर पत्र लिखिये। | 5 |
| | 14 | आपके विद्यालय में 'पर्यावरण-सुरक्षित-होली' उत्सव का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक था 'होली के रंग, दोस्तों के संग'। अपनी विद्यालय पत्रिका के लिए इस पर आधारित प्रतिवेदन तैयार कीजिए। | 5 |

Koopkitab
Same textbooks, klick away